हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 278 देहरादून, बृहस्पतिवार, 02 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



उत्तराखंड : वन तस्करों ने दिनदहाड़े की फायरिंग, वनकर्मी गंभीर रूप से घायल 3

# जलस्रोतों, धाराओं व नदियों के पुनर्जीवीकरण के सम्बन्ध में जिलों से एक्शन प्लान प्राप्त ना होने पर मुख्य सचिव नाराज, डेडलाइन दी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। उत्तराखण्ड में जलस्रोतों, धाराओं व नदियों के पुनर्जीवीकरण के सम्बन्ध में जिलों से एक्शन प्लान प्राप्त ना होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को एक सप्ताह की डेडलाइन दी। उत्तराखण्ड में जलस्रोतों, धाराओं व नदियों के पुनर्जीवीकरण के सम्बन्ध में जिलों से एक्शन प्लान प्राप्त ना होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को एक सप्ताह की डेडलाइन दी है। विषय की गम्भीरता को देखते हुए सीएस ने जिलाधिकारियों को इस कार्य हेतु जिले में तत्काल एक पूर्णकालिक समर्पित जलागम नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को तत्काल तीन दिन के भीतर जिला स्तरीय स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुवैनशन अथॉरिटी की बैठक लेने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को इस अभियान से प्रमुखता से जोडने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने अपर मुख्य सचिव वित्त को निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों जैसे मनेरगा, नाबार्ड, कैम्पा, पीएमकेएसवाई से जलस्रोतों व नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु फण्डिंग यूटिलाइजेशन के सम्बन्ध में बैठक करने हेतु पत्र जारी किया जाए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को राज्य के जलस्रोतों, नदियों, सहायक नदियों, धाराओं के पुनर्जीवीकरण हेतु जिलावार योजना के स्थान पर होलिस्टिक एण्ड इनग्रैटेड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य में जल संरक्षण के सम्बन्ध में आज की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 10 क्रिटिकल सूख रहे स्प्रिंग तथा जिलें में 20 क्रिटिकल सूख रहे जलधाराओं/सहायक नदियों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक जिले में दीर्घ अवधि के योजना के तहत एक नदी के पुनर्जीवीकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने मैदानी जिलों में सूख चुके तालाबों के चिन्हीकरण एवं पुनर्जीवीकरण के एक्शन प्लान पर भी कार्य के करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत ग्राम स्तर पर जल संरक्षण कार्य हेतु लक्ष्यों के अंतर्गत बताया गया है कि प्रायः पर्वतीय ग्रामों में 2 से 3 जल स्रोत उपलब्ध होते हैं। इन जल स्रोतों के पुनरुद्धार को लक्षित करते हुए इन स्रोतों के जल संभरण क्षेत्रों में कन्टूर ट्रेंचेज एवं रिचार्ज पिट्स निर्मित किये जा सकते हैं। मैदानी ग्रामों में कच्चे तालाब, चैक डैम एवं रिचार्ज पिट्स के माध्यम से भू-जल रिचार्ज किया जा सकता है। ग्रामों के समीप वन क्षेत्रों एवं चारागाह क्षेत्रों में चाल-खाल का निर्माण किया जा सकता है।

इसके साथ ही जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत विकासखंड स्तर पर क्रिटिकल जल स्रोतों के उपचार का लक्ष्यों में बताया गया है कि क्रिटिकल जल स्रोतों के चिन्हीकरण हेतु पेयजल विभाग एवं जल संस्थान द्वारा चिन्हित ऐसी पेयजल योजनाएं जिसमें जल का प्रवाह अत्यधिक कमी दृष्टिगत हो रही है, के उपचार की योजना निर्माण कर क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा चिन्हित 4 मैदानी जनपदों में चिन्हित ऐक्वफर के रिचार्ज क्षेत्रों में योजना निर्माण कर क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। पेयजल विभाग एवं जल संस्थान विभाग द्वारा 145 क्रिटिकल जल स्रोत उपचार हेतु चिन्हित किये गये हैं।

जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत जनपद स्तर पर सहायक नदियों और धाराओं के उपचार का लक्षयो के तहत बताया गया है कि पेयजल एवं जल संस्थान विभाग द्वारा निर्मित कई पेयजल योजनाएं जोकि वर्षा आधारित सहायक नदियों/गधेरों पर निर्भर है, इनके जीर्णोद्धार की योजना प्राथमिकता के आधार पर निर्मित कर गतिविधियां प्रारंभ की सकती हैं। सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित विभिन्न सिंचाई योजनाएं सहायक नदियों / धाराओं पर आधारित संभरण क्षेत्रों को चिन्हित कर योजना बनाकर गतिविधियां प्रारंभ की जा सकती हैं। उपरोक्त योजनाओं का यदि संभरण क्षेत्र आरक्षित वन में हैं, ऐसी स्थिति में वन विभाग से अन्त-विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। पेयजल विभाग/जल संस्थान विभाग द्वारा 412 सहायक नदियां/धाराएं एवं 6 नदियां उपचार हेतु चिन्हित की गई हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : पांच जिलों में बारिश का अलर्ट, मैदान में मौसम रहेगा शुष्क

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




उत्तराखंड 02 मई : मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के 5 जिलों में बारिश होने की सम्भावना है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में तेज धूप खिलने से गर्मी का प्रकोप बना रहेगा।बीते दिन प्रदेश में दिनभर बादलों की आंख-मिचौनी चलती रही, कई जगह बारिश होने जैसा मौसम बना लेकिन वर्षा नहीं हुई। हालांकि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में ओलावृष्टि व अंधड़ नहीं चला।

अभी भी अधिकतर क्षेत्रों में तापमान भी सामान्य के आसपास बना हुआ है। अगले 2 दिन पर्वतीय इलाकों में बारिश होने की संभावना है जिससे पहाड़ों में मौसम सुहावना बना रहेगा जबकि मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 02 मई को उत्तराखंड के पांच जिलों में बारिश हो सकती हैं।मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ क्षेत्रों में तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की सम्भावना है। इन इलाकों में 4000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले जगह पर बर्फबारी हो सकती है। जबकि मैदान क्षेत्र में मौसम शुष्क बना रहेगा जिससे तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।बीते दिन देहरादून में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस था। जबकि नई टिहरी का अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

# कांग्रेस और आप पार्टी का गठबंधन लोगों को ठगने का माध्यम : धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भाजपा के पूर्वी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में बुधवार को जनसभा के दौरान कहा कि कांग्रेस और आप पार्टी का गठबंधन लोगों को सिर्फ ठगने का माध्यम है। सीएम धामी पूर्वी दिल्ली के प्रियदर्शनी एन्क्लेव, लवली पब्लिक स्कूल में भाजपा प्रत्याशी मल्होत्रा के पक्ष में आयोजित जनसभा व नामांकन रैली में शामिल हुए। उन्होंने कहा लोगों का जोश और उत्साह देखकर लगता है दिल्ली में भाजपा के सामने मुकाबले में कोई है ही नहीं। कहा कि मुख्य सेवक के रूप में बदरी केदार, गंगा- यमुना की भूमि से हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में वोट मांगने आया हूं। पूर्वी दिल्ली जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा पुनः जनता अपने आशीर्वाद से आगामी चुनाव में ये रिकॉर्ड कायम रखेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश विकास की नई अवधारणाओं और परिभाषाओं को गढने का काम कर रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर जी-20 का सफल आयोजन हुआ और देश की अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। मोदी के नेतृत्व में स्किल इंडिया, मेड इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया से भारत आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे, रिंग रोड, हाई-वे और एलिवेटेड रोड के साथ मेट्रो रेल, मोनो रेल और अंडर वाटर मेट्रो जैसी परियोजनाएं नए भारत की पहचान बन रही हैं।

**कांग्रेस व आप पार्टी पर बोला हमला**

धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को समान नागरिक संहिता विधेयक पास करने का गौरव प्राप्त हो गया है। कांग्रेस, आप पार्टी और इस गठबंधन के लोग अपने घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता को न मानकर, मुस्लिम पर्सनल लॉ को मानने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कर्नाटक में एसी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीनकर एक धर्म विशेष के लोगों को आरक्षण देने का काम हो रहा है। कांग्रेस पार्टी हताशा और निराशा की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस तुष्टिकरण, वोट बैंक के लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ को मानने की बात करती है, परंतु आज देश सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास, सबका प्रयास पर भरोसा करता है।

# Chardham Yatra 2024 : GMVN के गेस्ट हाउस मई-जून तक फुल, 13 करोड़ की हुई बुकिंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 02 मई : दस मई से शुरू होने जा रही उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2024 को लेकर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने भी अपनी सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं. गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस के पास भी 13 करोड़ रुपए की एडवांस बुकिंग आ चुकी है. अगले दो महीने के लिए GMVN के सभी गेस्ट हाउस लगभग फुल हो चुके हैं। चारधाम यात्रा को लेकर गढ़वाल मंडल विकास निगम की क्या तैयारी है, इसी को लेकर ईटीवी भारत ने जीएमवीएन के मैनेजिंग डायरेक्टर आईएएस अधिकारी विनोद गोस्वामी से खास बातचीत की. मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद गोस्वामी ने बताया कि GMVN ने सभी गेस्ट हाउस को उत्तराखंडी थीम पर सजाया है. गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में ठहरने वाले पर्यटकों को प्राइवेट होटलों की तुलना में कम पैसे देने होते हैं और उन्हें सुविधाएं भी ज्यादा मिलती है। साथ ही गढ़वाल मंडल विकास निगम ने इस बार सस्टेनेबल इको फ्रेंडली टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई नए बदलाव किए हैं. एमडी विनोद गोस्वामी ने बताया कि अबतक उत्तराखंड आने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को ऋषिकेश से ऊपर जाना मुश्किल होता था, क्योंकि चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग की कोई सुविधा नहीं थी. इस बार गढ़वाल मंडल विकास निगम ने सभी गेस्ट हाउस में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की सुविधा शुरू की है।

इसके अलावा गढ़वाल मंडल विकास निगम के रिसेप्शन पर पर्यटकों को आसपास के सभी एक्स्ट्रा एडवेंचर टूरिज्म एक्टिविटी की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी गढ़वाल मंडल विकास निगम सबसे कम टैरिफ के विकल्प के रूप में पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

गढ़वाल मंडल विकास निगम के एमडी विनोद गोस्वामी ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद सभी बिजनेस पार्टनर की मदद से गढ़वाल मंडल विकास निगम इस बार ओटीए प्लेटफॉर्म पर भी पर्यटकों की खास पसंद बन रहा है. उन्होंने बताया कि अब तक ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग के माध्यम से गढ़वाल मंडल विकास निगम को 13 करोड़ की एडवांस बुकिंग मिल चुकी है, जो कि आगामी दो महीने के लिए पूरी तरह से हाउसफुल बुकिंग है. वहीं गेस्ट हाउस में उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति की ध्यान में रखते हुए उत्पाद रखे गए हैं।

# Vande Bharat Train ट्रेन के बाद अब आ रहा Vande Bharat Metro, जुलाई में ट्रायल की तैयारी


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 मई : केंद्र सरकार वंदे भारत ट्रेन के बाद अब वंदे भारत मेट्रो शुरू करने की तैयारी में हैं.इसके तहत वंदे भारत ट्रेन की तर्ज पर वंदे भारत मेट्रो का पहला रैक तैयार कर लिया गया है. इस साल जुलाई में वंदे भारत मेट्रो के ट्रायल होने की उम्मीद है. यह कपूरथला के रेल कोच फैक्ट्री से जल्द ही ट्रायल के लिए बाहर आएगी। जानकारी के मुताबिक, शुरुआत में 50 वंदे मेट्रो (VB Metro) शुरू करने के बाद फिर 400 मेट्रो ट्रेनों को शुरू करने की योजना है.यह इंट्रा सिटी ट्रांसपोर्टेशन को लेकर एक बड़ा कदम है. अगर रूट की बात करें तो देश के 12 बड़े और मझोले स्टेशन से वंदे भारत मेट्रो चलाई जाएगी. वंदे भारत मेट्रो 12 कोच वाला ट्रेन सेट होगा . इसे आगे चलकर 16 कोच तक बढ़ाया जा सकता है. इसमें बैठकर और खड़े होकर यात्रा करने की सुविधा होगी। वंदे मेट्रो ट्रेनें 100 से 250 km की दूरी के बीच चलाई जाएगी. शुरुआत में इसे लखनऊ कानपुर, आगरा मथुरा, दिल्ली रेवाड़ी, भुवनेश्वर बालासोर और तिरुपति चेन्नई के बीच चलाने की योजना है, हालांकि, इसमें रिजर्वेशन की सुविधा नहीं बल्कि अनारक्षित ट्रेन होगी.वंदे भारत मेट्रो के किराए को लेकर फिलहाल जानकारी सामने नहीं आई है रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2024-25 तक वंदे मेट्रो ट्रेन की शुरुआत करने का ऐलान किया था. माना जा रहा है कि ये लोकल ट्रेनों पर भीड़ के दबाव को कम करने में भी मदद करेगी।




# फोन, लैपटॉप पर ज्यादा समय बिता रहे हैं, तो इन चीज़ों का रखें ख़ास ख्याल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 02 मई : पिछले कुछ सालो में हमारे जीवन में कई बदलाव किए। इन बदलावों में से कई हमारे लिए काफी सकारात्मक रहे, तो वहीं कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने हमारे जीवन पर काफी बुरा और नकारात्मक प्रभाव डाला। कोरोना काल के इन्हीं दुष्परिणामों में से एक है स्क्रीन टाइम का बढ़ना। वर्क फ्रॉम होम का कल्चर आने से न सिर्फ काम के लिए लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ गया, बल्कि लॉकडाउन में घर में बंद रहने की वजह से लोगों को मोबाइल आदि की काफी आदत हो गई है। कोरोना काल के दौरान लगी इस आदत की वजह अब लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते हैं, तो हम आपके बताएंगे कुछ आसान टिप्स जिसकी मदद से आप अपना स्क्रीन टाइम कम कर पाएंगे। ज्यादातर लोग नोटिफिकेशन की वजह से बार-बार अपना फोन चेक करते रहते हैं। ऐसे में अगर आप अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते हैं, तो अपना काम खत्म होने के बाद नोटिफिकेशन बंद कर दें, ताकि बार-बार नोटिफिकेशन चेक करने के चक्कर में आप मोबाइल इस्तेमाल करने न लग जाएं। कोरोना महामारी के दौरान लोगों के काम के घंटे बढ़ने की वजह से उनका स्क्रीन टाइम भी काफी बढ़ गया है। ऐसे में कोशिश करें कि जब भी आपको समय मिले, आप स्क्रीन से दूरी जरूर बनाएं। साथ ही ब्रेक के दौरान भी स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। इन दिनों लोगों के अंदर सोशल मीडिया को लेकर एक अलग क्रेज देखने को मिल रहा है।


ऑफिस वर्क के अलावा लोग अपने मोबाइल पर अपना ज्यादातर सोशल मीडिया साइट्स देखने में गुजारते हैं। ऐसे में अगर आप अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते हैं, तो सोशल मीडिया साइट्स स्क्रॉलिंग करने की आदत को छोड़ दें। स्क्रीन टाइम बढ़ाने के पीछे अहम वजह लोगों का सोशल मीडिया साइट्स पर टाइम बिताना है। ऐसे में अगर आप अपना स्क्रीन टाइम कम करना चाहते हैं, तो बीच-बीच में डिजिटल ब्रेक लेते हैं।

इस ब्रेक के दौरान आपको अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट्स से पूरी तरह से दूरी बनाना होगी। अपने खाली समय में बोरियत से बचने के लिए ज्यादातर लोग फोन पर अपना वक्त गुजारते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन टाइम कम करना चाहते हैं, तो अपने खाली समय में मोबाइल इस्तेमाल करने की बजाय कुछ अन्य गतिविधियां जैसे किताबें पढ़ना, घूमने जाना, दोस्तों से मिलना आदि कर सकते हैं।

# देहरादून : फेसबुक पर बनाया दोस्त, फिर क्रिप्टो में निवेश के नाम पर युवक से ठग लिए लाखों

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 02 मई : साइबर ठगों ने एक युवक को 300 परसेंट तक प्रॉफिट दिलाने के नाम पर ठग लिया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साइबर ठगी आजकल इस तरह से बढ़ गई है कि आए दिन लोग इसका शिकार होते नज़र आ रहे हैं। नए-नए तरीके निकालकर ये लोग ठगी को अंजाम देते हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी देहरादून से आया है जहाँ पर साइबर ठगों ने मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर एक युवक से 4.50 लाख रुपये की ठगी कर ली है, मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच कर रही है ।क्लेमेनटाउन थानाध्यक्ष दीपक धारीवाल ने बताया कि हिमांशु पुंडीर निवासी क्लेमेन्टाउन ने थाने में तहरीर दी कि अगस्त 2020 में फेसबुक के जरिए उनकी पहचान विकास वत्स से हुई थी।





जिसके बाद विकास ने उन्हें शिवाजी से मिलवाया और इन दोनों ने उन्हें क्रिफ्टो माइनिंग सॉफ्टवेयर में निवेश के लिए उकसाया। बताया गया कि इसमें 300 प्रतिशत तक का मुनाफा होगा फिर जब चाहे बिना शुल्क क्रिफ्टो माइनिंग से रुपये निकाल सकते हैं ।उनके झांसे में आकर हिमांशु ने 50,000 रुपये निवेश कर दिया जिसके बाद उन्होंने गिफ्ट का लालच देकर उनसे डॉलर में निवेश करने को कहा और फिर हिमांशु ने फर्स्ट टाइम में 750 डॉलर डाले। ठगों ने फिर हिमांशु की बात अखिलेश चौधरी से कराई जिसे माइनिंग वेबसाइट सुपर ट्रेड वर्ल्ड का मालिक बताया गया। चौधरी ने भी हिमांशु को बार-बार निवेश के लिए कहा और फिर इसके कहने पर हिमांशु ने दोबारा से 750 डॉलर और 2000 डॉलर निवेश किए ।इतना ही नहीं इसके बाद फिर से विकास ने हिमांशु से क्रिप्टो माइनिंग डेब्टक्स में 750 डॉलर निवेश कराए और अब इन ठगों ने माइनिंग वेबसाइट सूपरट्रेड वर्ल्ड एप बंद करके शिकायत के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से भी निकाल दिया। इस तरह हिमांशु से पूरे 4.5 लाख की ठगी को अंजाम दिया गया। पुलिस ने विकास वत्स, शिवाजी और अखिलेश चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चम्पावत : इधर बेटी की डोली उठी उधर पिता की अर्थी, खुशी के दिन पसरा मातम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत 02 मई : यहाँ एक ही दिन में एक ही घर में दो घटनाएं हुई हैं एक में ख़ुशी थी तो दूसरे में गम। लोहाघाट के सुई पऊ गांव निवासी दीपक चंद्र जोशी (53) पुत्र भवानी दत्त की सबसे छोटी बेटी सुनीता की शादी दिन ही मृत्यु हो गई। लोहाघाट क्षेत्र में एक परिवार में बेटी की डोली उठने के कुछ ही घंटों बाद पिता की अर्थी उठ गई। थोड़ी देर पहले दुल्हन को विदा करने के बाद उसके पिता की अर्थी उठने से परिवार और गांव में शादी की खुशियां दुख में बदल गईं। जिस घर में एक दिन पहले खुशियां छाई हुई थी वहां अचानक मातम पसर गया ।चंपावत के लोहाघाट के सुई पऊ गांव निवासी दीपक चंद्र जोशी उम्र 53 वर्ष अपनी बेटी के हाथ पीले करने की ख्वाहिश अधूरी रह गई। मेहँदी वाले दिन उनकी तबीयत अचानक खराब होने पर हॉस्पिटल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। लेकिन घर में शादी के चलते उनकी





मौत की खबर किसी को नहीं लगने दी और घर पर बताते रहे की मरीज आईसीयू में भर्ती है। जब बेटी की विदाई हो गई उसके बाद पिता का पार्थिव शरीर घर पर लाया गया और अंतिम संस्कार रामेश्वर घाट में किया गया। मृतक दीपक की तीन बेटियां और दो बेटे हैं ।शादी के दिन 28 अप्रैल को ही उन्होंने दम तोड़ दिया था, विवाह में कोई अड़चन न आए इसके चलते मृतक दीपक चंद्र जोशी के पार्थिव शरीर को अस्पताल में ही रखा गया और उनके उनके निधन की खबर भी शादी की रस्में पूरी होने के बाद दी गई। जिसके बाद उनके भाई प्रकाश चंद्र जोशी ने कन्यादान की रस्म निभाई।

# उत्तराखंड : वन तस्करों ने दिनदहाड़े की फायरिंग, वनकर्मी गंभीर रूप से घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर 02 मई : उधम सिंह नगरः गस्ती के दौरान वनकर्मियों ने अवैध रूप से सागौन व खैर की लकड़ी ले जाते हुए 15 तश्करों को देखा जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने वन कर्मियों पर फायर झोंक दी, हमले में एक वनकर्मी की अंगुली भी कट गई ।उत्तराखंड के जंगल अब सुरक्षित नहीं रहे यहाँ वन तश्कर लगातार बेखौफ होकर कीमती पेड़ों की तश्करी करके वन सम्पदा को भारी नुक्सान पहुंचा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 11 बजे वन दरोगा योगेश चोपड़ा, वन रक्षक हरेन्द्र कुमार टीम के साथ पीपलपड़ाव रेंज के पड़किया की पश्चिमी बीट के प्लॉट सं 89 में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें आठ सागौन और खैर से लदी बाइकों पर सवार करीब 15 लोग टीम को सामने से आते दिखाई दिए। इन्हें रोकने के दौरान लकड़ी तस्कर सोनू ने पाटल से गश्ती





दल पर हमला कर दिया। जिसमें रोपण रक्षक जाने अली घायल हो गया ।घायल वनकर्मी का सीएचसी गदरपुर में प्राथमिक इलाज करवाया गया। आरोप है कि तस्करी में शामिल कुलदीप सिंह ने टीम पर दो राउंड फायर किया। इस हमले में वन आरक्षी विरेंद्र सिंह बाल-बाल बच गए। उसी समय तस्कर मौके पर लकड़ी छोड़कर साथियों के साथ बाइक पर फरार हो गए। वन कर्मी राजेंद्र सिंह की ओर से कुलदीप सिंह पुत्र परमजीत सिंह, जयपाल, जसविंदर सिंह पुत्र जग्गा सिंह, अन्नी, कुलवंत समेत 15 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। घटना की सूचना पर डीएफओ यूसी तिवारी और रेंजर रूप नारायण गौतम पुलिस चौकी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## संक्षप्ति खबरें

### योनो एप बंद होने मेल भेजकर ठगे 4.77 लाख

देहरादून। एक व्यक्ति को योनो एप की सर्विस बंद होने का मैसेज भेजकर 4.77 लाख रुपए ठग लिए। मेल भेजने वाले ने केवाईसी अपडेट का लिंक दिया था। उसमें जानकारी भरने पर पीड़ित के बैंक खाते से रकम कटी। पुरोहितवाला निवासी पीड़ित की तहरीर पर गढ़ी कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कैंट गिरीश चंद शर्मा ने बताया कि कमल कुमार निवासी पुरोहितवाला ने तहरीर दी। बताया कि बीते 27 अप्रैल को उन्हें एक ईमेल मिला। ईमेल में योनो एप की केवाईसी अपडेट न होने के चलते बैंकिंग सुविधाएं बंद होने का जिक्र था। केवाईसी अपडेट करने का लिंक ईमेल में दिया गया था। पीड़ित ने ईमेल में दिए लिंक पर बैंक खाते और अन्य जरूरी जानकारी भरते हुए ओटीपी डाल दिया। ओटीपी डालने के बाद अलग-अलग ट्रांजेक्शन में उनके बैंक खाते से यह रकम कटी। उनकी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मॉडल्स ने कैटवॉक कर बिखेरे जलवे

देहरादून। सिनमिट कम्युनिकेशन्स की ओर से बुधवार को सुभाष रोड स्थित जेबीसीसी लाउंज में कमल ज्वेलर्स-ब्लेंडर्स प्राइड मिस उत्तराखंड-2024 के मिस रेडियंट स्किन और मिस ब्यूटीफुल हेयर सब कांटेस्ट का आयोजन किया गया। मॉडल्स ने आकर्षक ड्रेस पहन कर कैट वॉक की। 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सब कांटेस्ट का रिजल्ट ग्रैंड फिनाले के दिन ही घोषित किया जाएगा। कांटेस्ट में प्रतिभागियों ने आकर्षक हेयर स्टाइल बनाया था। दून, हल्द्वानी, हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी और रुडक़ी की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिनमिट कम्युनिकेशन्स के डायरेक्टर एवं आयोजक दलीप सिंधी, राजीव मित्तल, कोरियोग्राफर जेश पुष्कर सोनी, स्टाइलिंग अदिति, जेबीसीसी के डायरेक्टर जावेद, फैशन डिजाइनर मनु आहूजा, मेकअप एक्सपर्ट जाकिर आदि मौजूद रहे।

### हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर सेना के जवानों ने 4 किमी बर्फ हटाकर आवाजाही की सुचारु

चमोली। चमोली में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे की यात्रा तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन, भारतीय सेना और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। जिसके तहत भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के जवानों की ओर से हेमकुंड साहिब यात्रा के पैदल मार्ग पर 4 किलोमीटर हिस्से से बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी है। जबकि अभी भी 2 किलोमीटर मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है। बद्रीनाथ धाम की यात्रा शुरु होने के बाद आगामी 25 मई को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट खोले जाने हैं। जिसे लेकर भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के हवलदार हर सेवक सिंह के नेतृत्व में जवानों द्वारा इन दिनों यात्रा के पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग पर 4 किलोमीटर तक बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी गई है। जबकि गुरुवार से यहां यात्रा मार्ग पर पैदल मार्ग के साथ ही घोड़ा-खच्चर मार्ग से भी बर्फ हटाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घांघरियां में गुरुद्वारे में आवास के साथ ही पेयजल और विद्युत व्यवस्था को भी चाक-चौबंध करने का कार्य सेवादारों की ओर से शुरु कर दिया गया है। बताया कि ऊर्जा निगम और संचार निगम की ओर से शुक्रवार तक घाटी में विद्युत और संचार की व्यवस्था सुचारु करने की बात कही गई है।

### अल्मोड़ा नगर में ट्रैफिक व्यवस्था रामभरोसे

अल्मोड़ा। नगर की ट्रैफिक व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। पुलिस का ट्रैफिक पर नियंत्रण नहीं रह गया है। नगर के जाखनदेवी क्षेत्र में सीवर लाइन का कार्य हुआ था जिसके चलते इस क्षेत्र में सडक़ खुर्द बुर्द की गई थी जिसके चलते महीनों तक लोग दिक्कत में रहे। दिक्कत से उबरने की उम्मीद के साथ गत सप्ताह से इस क्षेत्र में सडक़ सुधारीकरण का कार्य शुरू हुआ है जिसके चलते यह मार्ग चौपहिया वाहनों हेतु बंद रखी गई है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस को बंद से कोई मतलब नहीं है। पुलिस बैरिकेडिंग कर इतिश्री कर लेती है और फिर आँखें मूँद लेती है। शिखर तिराहे से जाखनदेवी तक सीवर लाइन के चलते खऱाब हुई सडक़ को इन दिनों सुधारा जा रहा है, जिसके चलते सडक़ बंद रखी गई है ताकि कार्य में कोई व्यवधान ना आए और कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। हालाँकि दोपहिया वाहनों के आवागमन के लिए छूट दी गई है। मंगलवार को कोतवाल के निर्देश पर नगरपालिका पार्किंग के आगे बैरिकेडिंग कर दी गई। लेकिन बैरिकेडिंग लगाने के बाद पुलिस कहाँ गायब हुई पता नहीं चला। पुलिस बैरिकेडिंग सडक़ किनारे हो गई और कई वाहन चालक चौपहिया वाहन लेकर इस सडक़ में घुस गए और जाम की स्थिति बन गई। यदि सडक़ पर इसी प्रकार वाहन चलते रहे तो सडक़ सुधारीकरण में दिक्कत रहेगी और कार्य लम्बा चलेगा, जिससे स्थानीय जनता, राहगीरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

# हल्द्वानी : बैंक मैनेजर के घर लाखों की चोरी, सारे जेवरात और नगदी ले गए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 02 मई : कूमाँचल बैंक के सीनियर बैंक मैनेजर के घर में पीछे का दरवाजा तोड़कर चोरी की गई। चोरों ने लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ़ किया और जब पड़ोसियों ने शोर मचाना शुरू किया तो ये भागकर फरार हो गए। हल्द्वानी के टीपीनगर क्षेत्र के मधुबन कॉलोनी से एक चोरी की खबर सामने आ रही है जहाँ पर चोरों ने ताला तोड़कर हजारों की नगदी और लाखों के जेवर लूट लिए।

मधुबन कॉलोनी में दीपक अग्रवाल का घर है और वे सितारगंज स्थित कूमाँचल बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हैं। उनके रिश्तेदार प्रवीण मित्तल ने पुलिस को बताया कि दीपक अपनी पत्नी गुंजन अग्रवाल के साथ शहर से बाहर गए थे। बीती रात को लगभग दो बजे दीपक के घर की लाइट जली दिखाई दी तो पड़ोसी को शक हो गया। फिर पड़ोसी युवक ने शोर मचाना शुरू कर दिया तो घर से दो युवक भागते हुए नज़र आए और युवक ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस और पड़ोसी उनके घर मौके पर पहुंचे और देखा कि चोरों ने आगे का दरवाजा खोलने की कोशिश भी की है लेकिन वो इसे नहीं तोड़ पाए क्यूंकि इसमें लॉक सिस्टम लगा हुआ था।






इसके बाद चोर पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे अलमारी तोड़कर सारा सामान फैला दिया। चोर करीब 20 हजार की नगदी और 5-6 लाख का सोना लेकर फरार हो गए।चोर इतने शातिर थे कि वे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर भी निकालकर अपने साथ ले गए। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलते ही हम आगे की कार्यवाही शुरू करेंगे। फिलहाल टीम अभी उस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है और पुलिस को घर में कई जगहों पर खून के धब्बे भी मिले हैं।

# यहां मर्दों को करनी होती है 2 शादियां, मना करने पर जाना पड़ता है जेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 मई : आपको जानकर हैरानी हो रही होगी कि हम कहां इक्कीसवीं सदी में जी रहे हैं, जहां हर दिन नए-नए विकास हो रहे हैं. इससे इंसानों का जीवन और सरल होगा. ऐसे में कुछ देश अपने नागरिकों पर ऐसे अजीब कानून कैसे थोप रहे हैं? कैसे कोई किसी को 2 शादी के लिए बाध्य कर सकता है? ऐसे में बता दें कि दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां हैं, जो सरकार से अलग अपनी परंपराओं का निर्वहन करती हैं. कहीं पर महिलाओं को अपनी पसंद का पार्टनर चुनने और बाद में बदलने का अधिकार है।

तो कहीं पर किसी की मौत के बाद अंगुली काटने का. इस तरह की कई अन्य परंपराएं हैं, जिन्हें सदियों से निभाया जा रहा है. अलग-अलग देशों में शादी से जुड़ी कई परंपराओं को माना जाता है. सनद रहे कि शादी हर किसी के जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल होता है. ये एक ऐसी मधुर स्मृति है, जो मौत तक याद रहती है, क्योंकि उस दिन से जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है. इसी वजह से विवाह समारोह बहुत धूमधाम से मनाया जाता है. लेकिन विवाह से जुड़ी परंपराएं राज्य और सामाजिक वर्ग के आधार पर भिन्न होती हैं. इसके अलावा, विवाह कानून भी हर देश में अलग-अलग होते हैं. प्राचीन काल में बहुविवाह प्रथा थी।



जो अब नहीं रहा. शादी से जुड़ी ऐसी ही एक अजीब परंपरा अफ्रीकी देश इरीट्रिया में निभाया जाता है. इस देश के हर मर्द को 2 शादियां करना अनिवार्य होता है. अगर किसी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो उसे जेल भी हो सकती है. इतना ही नहीं, अगर किसी महिला ने अपने पति को दूसरी शादी करने से रोक दिया, तो उसे भी जेल हो सकती है.

इस मामले में दोनों को उम्रकैद तक सजा भुगतनी पड़ सकती है. दोनों पत्नियों को पति पर बराबर का अधिकार रहेगा. हालांकि, दूसरी ओर ऐसे भी दावे किए जाते हैं कि इरिट्रिया में दो शादियां करने की कोई आवश्यकता नहीं है. एक शादी करने वाले को जेल नहीं होगी. लेकिन अगर कोई मर्द 2 शादियां करना चाहे, तो वो उसकी इच्छा है. उसकी पत्नी भी ऐसा करने से रोक नहीं सकती है. हालांकि, इसके बावजूद दावे किए जा रहे हैं कि वहां की सरकार मर्दों को दो शादियों के नियम को सख्ती से लागू कर रही है।

## अत्याचार, अन्याय और शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे मजदूर : बिष्ट

देहरादून। मई दिवस पर बुधवार को ओएनजीसी स्टॉफ यूनियन और ओएनजीसी कांट्रेक्ट इंपलाइज यूनियन की ओर से कौलागढ़ स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मजूदरों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर अत्याचार, अन्याय और शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे, मेहनत करके बराबरी का हक लेकर ही रहेंगे। मुख्य अतिथि इंटक के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते आज मजदूर उपेक्षित हैं। निजीकरण से नौकरियां जा रही हैं, मजदूरों का शोषण किया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेताया कि मजदूर अत्याचार, अन्याय और शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इंटक हरिद्वार के जिलाध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि सरकार को मजदूरों की ताकत समझनी चाहिए, जिस दिन मजदूर ने काम नहीं करने की ठान ली, उस दिन देश की नींव हिल जाएगी। उन्होंने मजदूरों को समुचित सुविधाएं देने की जरूरत बताई। कहा कि मजदूरों को अपने हक की लड़ाई के लिए एकजुट होना होगा। इंटक जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने मई दिवस के बारे में बताया। इस दौरान यूनियनों के पदाधिकारियों के सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर ओएनजीसी की कार्यकारिरी निदेशक नारायणी, सहायक श्रमायुक्त केंद्रीय रणदीप, इंटक के महामंत्री एपी अमोली, ओपी सूदी, विरेंद्र सिंह नेगी, अरविंद राजपूत, अजय शर्मा, ज्योतिका कौर, सचितन त्रिपाठी, राजकुमार, सिकंदर, राजेश ध्यानी, किशन गोदियाल, धर्मपाल, दीपा, माला, शीला, मेहरबान सिंह नेगी, किशन कुंजवाल, राजेश जोशी आदि मौजूद रहे।

## दूधली में पचास करोड की लागत से बनेगा इस्कॉन का श्री राधा बांके बिहारी मंदिर

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को हरे कृष्णा हिल्स दुधली मोथरोवाला में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस( इस्कॉन ) द्वारा कराए जा रहे श्री राधा बांके बिहारी मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम शामिल होकर भूमि पूजन किया। इस मंदिर पर पचास करोड रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने इस्कॉन पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस्कॉन द्वारा लगभग 150 देशों में राधा कृष्ण के मंदिरों की स्थापना की गई। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि, इस्कॉन भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ ही संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस्कॉन ब्यूरो के अध्यक्ष कृष्ण गोस्वामी महाराज, भक्ति पुरूषोत्तम स्वामी, भक्ति रसामृत स्वामी, बसु घोष प्रभु, महामन प्रभु, देवकीनंदन प्रभु ने बताया कि मंदिर का निर्माण भक्तों के सहयोग से 50 करोड रुपये की लागत से होगा। जो एक लाख वर्ग फुट से क्षेत्र में फैला होगा। जल्द ही दून में एक अन्य स्थान पर भी इस्कॉन का भक्ति केन्द्र स्थापित होगा। यह स्थान सांस्कृतिक, आध्यात्मिक कल्याण केन्द्र बनने को तैयार है। पारगनम और आनंद के दिव्य अनुभव के अलावा मंदिर स्थापित करने का उद्देश्य 50 से अधिक स्कूलों व कॉलेजों में इसका प्रचार प्रसार करना है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे, भाजपा नेता अनिल गोयल, नेहा जोशी, विशाल कुमार, देवकी नंदन प्रभु, पुरषोत्तम प्रभु आदि उपस्थित रहे।

## रोडवेज कर्मचारियों ने प्रबंधन को थमाया आंदोलन का नोटिस

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वर्कशॉप में स्पेयर पाट्र्स की कमी दूर करने और पर्वतीय रूटों पर पांच लाख किमी चल चुकी बसों के ब्रेक ड्रम बदलने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन को आंदोलन का नोटिस थमा दिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो 14 मई से अनिश्चितकॉलीन धरना शुरू किया जाएगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश नैथानी और मंत्री राकेश पेटवाल ने मंडीलय प्रबंधक संचालन एवं तकनीकी को दिए नोटिस में बताया कि वर्कशॉप में स्पेयर पाट्र्स की भारी कमी के कारण बसें आए दिन रास्ते में खराब हो रही हैं, इससे जहां रोडवेज को राजस्व की हानि हो रही हैं, वहीं, यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय रूटों की कुछ बसें पांच लाख किमी से ज्यादा चल चुकी हैं, जिनके ब्रेक ड्रम घिस चुके हैं, ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। बसों को ठीक करने के लिए वर्कशॉप में आधुनिक टूल किट नहीं है। उन्होंने जल्द ही सभी वर्कशॉप में स्पेयर पाट्र्स की कमी दूर करने समेत अन्य मांगों के निराकरण की मांग की है।

## कांग्रेस ने राजपुर में कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

देहरादून। लोकसभा चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को कांग्रेस ने बुधवार को राजपुर में सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव में काम किया और इसके परिणाम भी बेहतर होंगी। महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष उर्मिला ढौंडियाल थापा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद पार्टी के लिए काम किया। प्रदेश महासचिव गोदावरी थापली ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस ने एकजुटता के साथ काम किया और कार्यकर्ताओं ने बिना किसी मदद के खुद ही प्रचार अभियान चलाया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन थापली, उपेंद्र थापली, मुकेश कुमार, चम्पा मधवाल, संतोष, बनवारी सिंह रावत, मुस्ताख़ अहमद, संगीता, रमा दुबे, रिज़वान, ज़ाकिर, गीता, चमन समेत अन्य मौजूद रहे।

# चम्पावत : प्रधानाचार्य की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर शिक्षिका ने भेजे लोगों को अश्लील मेसेज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत 02 मई : शिक्षिका द्वारा अव्यवस्था पाए जाने पर स्कूल के प्रिंसिपल ने उन्हें हटा दिया जिसके बाद बदला लेने के भाव से शिक्षिका ने प्रिंसिपल के नाम से फर्जी आई दी बना दी और उन्हें बादाम करने की साजिश रची। चम्पावत से एक ऐसा मामला सामने आया है जहाँ पर बच्चों को सही दिशा देने वाले ही शिक्षक ही स्वयं गलत दिशा में चले गए।

मामला लोहाघाट क्षेत्र का है जहाँ पर एक निजी स्कूल की पूर्व शिक्षिका ने प्रधानाचार्य से बदला लेने के लिए उनकी फेक इंस्टाग्राम आई दी बना दी और उसमें अश्लील पोस्ट डालने लगी, जिससे प्रधानाचार्य की बदनामी होने लगी। पता चलने पर प्रधानाचार्य ने लोहाघाट थाने में तहरीर दी जिसके बाद पुलिस जांच में आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।




तहरीर में प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षिका उनके नाम की फर्जी आईडी बनाकर लोगों को अश्लील मेसेज भेज रही है जिसकी उनकी छवि खराब हो रही है और उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शिक्षिका के खिलाफ सख्त कार्रवाही की मांग की है। थाना प्रभारी एसएसआई चेतन रावत ने बताया कि साइबर सेल से जांच के बाद पता चला कि विद्यालय की पूर्व शिक्षिका के फोन नंबर से फर्जी इंस्ट्राग्राम आईडी बनाई गई है। जिससे वह प्रधानाचार्य को बदनाम कर रही है।


पुलिस मामले की जांच कर रही है, प्रधानाचार्य ने उन्हें बताया कि शिक्षिका पूर्व में उनके विद्यालय में पढाती थी। लेकिन उनके द्वारा कक्षा में अव्यवस्था पाई गई और उनके द्वारा किए गए कार्य असंतोषजनक पाए गए जिस कारण उन्हें स्कूल से हटा दिया गया था।

जिसके फलस्वरूप शिक्षिका के द्वारा उनसे बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है। मामले में प्रधानाचार्य की तहरीर पर शिक्षिका के खिलाफ 66 (D) आई टी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच पंचेश्वर कोतवाल इंद्रजीत सिंह कर रहे हैं।

# T20 WC 2024 : हसबैंड युजवेंद्र चहल के वर्ल्ड कप टीम में सेलेक्शन से गदगद हुईं धनश्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 मई : टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है। आईपीएल 2024 में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे युजवेंद्र चहल की लंबे समय बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। विश्व कप टीम में पति के सेलेक्शन से वाइफ धनश्री खुशी से झूम उठी हैं। चहल ने अपना आखिरी टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला साल 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था।युजवेंद्र चहल के टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम में सेलेक्ट होने के बाद धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की। धनश्री ने बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए टीम इंडिया के स्क्वॉड का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, ₹कमॉन युजवेंद्र चहल। वो वापस आ गया है।युजवेंद्र चहल की फिरकी का जादू आईपीएल 2024 में खूब चल रहा है। चहल इस सीजन खेले 9 मैचों में कुल 13 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। चहल बीच के ओवरों के साथ-साथ राजस्थान रॉयल्स के लिए डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करते हुए




दिखाई दिए हैं। चहल की घूमती गेंदों ने बल्लेबाजों को इस सीजन खासा तंग किया है। चहल का इकॉनमी इंडियन प्रीमियर लीग के 17 वें सीजन में 9 का रहा है।युजवेंद्र चहल ने भारत के लिए क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अपना आखिरी मुकाबला साल 2023 में खेला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में चहल की जमकर धुनाई हुई थी और वह अपने 4 ओवर में 51 रन लुटा बैठे थे। कैरेबियाई टीम के खिलाफ खेले गए इस मैच में चहल के हाथ कोई सफलता भी नहीं लगी थी। भारतीय स्पिनर ने अब तक कुल 80 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और इस दौरान उनकी झोली में 96 विकेट आए हैं।

# राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुजरात और महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस

देहरादून। राजभवन सभागार में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गुजरात समाज समिति और महाराष्ट्र समाज कल्याण समिति के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान दोनों ही प्रांतों के कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नाट्य एवं नृत्य की प्रस्तुति दी, जिनमें इन राज्यों की समृद्ध लोक संस्कृति की खूबसूरत झलक देखने को मिली। इन सुंदर प्रस्तुतियों की राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं उपस्थित जनसमुदाय ने सराहना की।

राज्यपाल ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित लोगों के साथ ही गुजरात और महाराष्ट्र की जनता और पूरे भारत में निवास कर रहे दोनों राज्यों के लोगों को भी उत्तराखंड प्रदेश की ओर से गुजरात और महाराष्ट्र दिवस की बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि आज यह भी प्रसन्नता का विषय है कि ₹एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ अभियान की इस अनूठी पहल को आज एक वर्ष पूरा हो चुका है। ₹एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को समर्पित इस अभियान से निसंदेह देश की एकता और अखंडता को बल मिला है। वहीं दूसरी ओर देशवासियों को विभिन्न प्रांतों की भाषा, वेशभूषा, कला-संस्कृति और रीति-रिवाज का आदान-प्रदान होने से परस्पर एक दूसरे प्रदेश को समझने का मौका मिल रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे हर-एक राज्य की एक विशिष्ट पहचान है, हर-एक राज्य की अलग भाषा, विविधतापूर्ण कला और संस्कृति है। यह विविधता ही तो भारत की ताकत है। तमाम अनेकताओं की बावजूद भी हम सब एक हैं, यही भारत की अनूठी विशेषता है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र ने सर्वांगीण प्रगति के साथ-साथ अपनी अनूठी संस्कृति के कारण अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इन राज्यों ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

महाराष्ट्र समाज कल्याण समिति के सचिव अनिरुद्ध देशमुख ने कहा कि नई पीढ़ी अपनी भाषा कला संस्कृति से जुड़े रहे इसके लिए उनकी समिति द्वारा निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। गुजरात समाज समिति के अध्यक्ष धीरज भाई पांचाल ने गुजरात की विशेषताओं सांझा करते हुए समिति की विभिन्न सामाजिक शैक्षिक एवम सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल द्वारा दोनों प्रदेशों के प्रतिनिधियों को उत्तराखण्ड का राज्य पक्षी मोनाल स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ऋषिकेश से भटवाड़ा प्रतापनगर के लिए नियमित बस सेवा शुरू

नई टिहरी। बुधवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम नेगी ने ऋषिकेश-भटवाड़ा बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया। बस सेवा प्रतिदिन सुबह दस बजे ऋषिकेश से चलकर चंबा-डोबरा-चांठी से मोटणा-धारकोट-रजाखेत होते हुए चार बजे भटवाड़ा पहुंचेगी। वहीं अगले दिन सात बजे रजाखेत से ऋषिकेश को प्रस्थान करेगी। बुधवार को ऋषिकेश में प्रतापनगर क्षेत्र के लिए शुरू हुई बस सेवा का शुभारंभ करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि, ग्रामीणों की ओर से काफी समय से इस मार्ग पर बस चलाने की मांग की जा रही थी। बस सेवा से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा और यात्रा सुगम होगी। मौके पर टीजीएमओ के अध्यक्ष जितेन्द्र नेगी, उपाध्यक्ष बलबीर रौतेला, उत्तरकाशी लोकल रोटेशन अध्यक्ष गजपाल सिंह रावत, संचालक प्रेमपाल बिष्ट , यशपाल सिंह राणा, महिपाल सिंह नेगी, मनोज सेमवाल, तुलाराम पैन्यूली, मेताब सिंह नेगी, मेहरबान सिंह नेगी, दयाल सिंह सजवाण, संदीप रावत, प्रमोद नेगी आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही की तो कार्रवाई: डीएम

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने बुधवार को जिला सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। डीएम ने निर्देश दिए कि विभाग यह सुनिश्चित कर ले कि स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में किसी भी महिला और बच्चे की मृत्यु न हो। इन मामलों में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान और टेली कंसल्टेशन सेवा का लाभ दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। डीएम दीक्षित ने स्वास्थ्य अधिकारियों को घुत्तू पीएचसी में डिलीवरी प्वाइंट बनाने, होम डिलीवरी को शून्य करने, आरबीएसके टीम के चिह्नित बच्चों का डाटा उपलब्ध कराने तथा ऐसे बच्चों की सहायता करने, सीएचओ की रिपोर्ट भेजने तथा लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मिशन के तहत नशामुक्ति को लेकर विशेष फोकस करते हुए काउंसलिंग करने तथा काउंसलरों की सीएमओ के साथ बैठक करवाने को कहा। सीएमओ को आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम की एक्टीविटियों को बढ़ाने, सीएचओ और एएनएम को स्क्रीनिंग और विजिट के लिए रेण्डमली टास्क देने के भी निर्देश दिए। सीडीओ को सभी सीएचसी का निरीक्षण कराने को कहा। सभी एमओआईसी को जिला योजना के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों का प्लान बनाकर उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने एएनसी जांच के संबंध में ब्लॉक वाइज ग्राफ बनाने तथा देवप्रयाग और जौनपुर में एएनसी जांच प्रतिशत कम होने के कारण पर उचित जवाब न मिलने पर सीएमओ को सम्बंधित एमओआईसी का स्पष्टीकरण तलब करने को कहा गया।

### छात्रों के व्यवहारिक ज्ञान को सम्मेलन अहमः प्रो0 प्रधान

नई टिहरी। टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोपावर अभियांत्रिकी संस्थान भागीरथीपुरम में बुधवार को दो दिवसीय गतिशील सम्मेलन का समापन हो गया। सतत विकास लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अभिनव दृष्टिकोण पर केंद्रित हैकथॉन में कुल 10 टीमों ने शिरकत की। जिसमें स्थिरता की चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से अपने सरल प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया गया। बुधवार को हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. एसके प्रधान ने सम्मेलन का समापन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान मिलता है। सर्वजन हिताय संस्था की निवेदिता परमार ने कहा कि सामाजिक जरूरतों को पूरा करने की दिशा में सभी के प्रयास जरूरी हैं। बताया गया संस्थान के लोकाचार का मुख्य आकर्षण उड़ान पहल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। जहां छात्र-छात्राएं अपने शाम के समय को वंचित बच्चों को शिक्षित करने में बिताते हैं। कॉलेज के निदेशक प्रो. प्रधान ने सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिकों के पोषण के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की जानकारी दी।

### टिहरी में यात्रा के तहत सफाई का काम शुरू

नई टिहरी। प्रशासन ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिले के विभिन्न हिस्सों में बुधवार से सफाई अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही सडक़ों के सुधारीकरण भी शुरू हो गया है। डीएम ने कहा कि चारधाम की तैयारी के कामों की लगातार निगरानी भी की जाएगी।जनपद में यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि जनपद की सभी पालिकाओं सहित लोनिवि, राजमार्ग और पीएमजीएसवाई को सडक़ों के सुधारीकरण के काम शुरू करवा दिए गये हैं। डीएम ने कहा कि चारधाम यात्र पर आने वाले श्रद्धालु यहां से अच्छा संदेश लेकर जाएं। जिसके लिए उन्हें अच्छी सुविधा और यात्रा के लिए सुलभ माहौल देने का काम किया जायेगा। इसलिए सभी सडक़ों से सम्बंधित विभागों और निकायों को अपने क्षेत्र में घाटों, स्थानीय बाजार, सडक़, नालियों आदि स्थानों की नियमित साफ-सफाई शुरू करवा दी गई है।

# उत्तराखंड बोर्ड : बिना ट्यूशन पढ़े आई 10वीं में 99 परसेंट, आयुष बने युवाओं के लिए प्रेरणा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल 02 मई : आयुष की सफलता पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट भी बहुत खुश हैं। उनका कहना है कि आयुष वास्तव में एक उत्कृष्ट छात्र है, जो भविष्य में बड़े मुकामों पर पहुँचेगा। बीते दिन उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए गए हैं। पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने हाईस्कूल में 100% अंक हासिल करके पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

वहीं रुद्रप्रयाग के शिवम मलेठा ने 99.6 हांसिल करके प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है और पौड़ी जिले के सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली (श्रीनगर) के छात्र आयुष शाह ने सर्वाधिक 99 फीसदी अंक हासिल कर जिले में पहला तथा प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया।आयुष ने बताया कई उन्होने कभी ट्रशन नहीं पढ़ा। उन्होंने सिर्फ सेल्फ स्टडी करके ये उपलब्धि हांसिल की है।

आयुष ने 99 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता पिता, स्कूल और श्रीनगर का नाम रोशन किया है। आयुष के गणित में 100, अंग्रेजी में 99, संस्कृत में 99, विज्ञान में 98, सामाजिक विज्ञान में 99 और हिंदी में 99 अंक प्राप्त किए हैं।आयुष



ने बताया कि वह टाइम टेबल बनाकर प्रतिदिन 8 घंटे पढाई करता था। इस दौरान वो कभी-कभी थोड़ा खेला भी करते। वे फ़ुटबाल को अत्यधिक पसंद करते हैं।

आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में न्यूरो सर्जन बनना चाहते हैं।आयुष ने यह उपलब्धि हांसिल करने के बाद अन्य छात्रों को टिप्स देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। प्रतिदिन पढ़ाई को समय देकर ही सफलता हासिल की जा सकती है, आयुष की सफलता को लेकर उसके शिक्षक और माता पिता बेहद खुश हैं। आयुष मूल रूप से आयुष शाह कीर्तिनगर ब्लॉक के थातीडागर गोठार गांव का निवासी हैं।

# सिर्फ हंसने के ही नहीं रोने के भी हैं कई फायदे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 मई : रोना एक बेहद सामान्य क्रिया है, जो किन्हीं इमोशन्स या अन्य फैक्टर्स से ट्रिगर होने की वजह से होता है। लेकिन क्या आपने कभी यह जानने की कोशिश की है कि आखिर कुछ भावनाओं को महसूस करने पर हमें रोना क्यों आता है। दरअसल, कई शोध में पाया गया है कि रोना आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। जी हां, रोने से आपकी मानसिक और शारीरिक सेहत को काफी फायदा पहुंचता है। आइए जानते हैं रोने आपकी सेहत को क्या फायदे मिल सकते हैं।

वजन कम होता है

रोने से कैलोरी बर्न होती है, जिससे वजन कम होता है। आपने ध्यान दिया होगा कि जब आप दुखी होते हैं, तो आपका वजन कम होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि रोने से कैलोरी बर्न होती है।




हालांकि, इसका कुछ कनेक्शन यह भी हो सकता है कि जब आप दुखी होते हैं, तब आपको भूख कम लगती है।

तनाव कम होता हैरोते समय आपकी आंखों से निकलने वाले आंसुओं में कॉर्टिसोल होता है, जो एक स्ट्रेस हार्मोन होता है। आंसु के जरिए ये हार्मोन बाहर निकलते हैं, जिनकी वजह से तनाव कम होता है। इसलिए आपने अगर ध्यान दिया होगा, तो रोने के बाद आप कम स्ट्रेस महसूस करते हैं।

आंखों को साफ होती हैंरोन से आंखें साफ होती हैं। दरअसल, आंख में कोई कचरा, धूल-मिट्टी या अन्य कुछ चला जाता है, तो आपकी आंखों से आंसू निकलने लगते हैं। ऐसे ही रोते वक्त भी आंखें साफ होती हैं। दरअसल, आंसुओं में एक प्रकार का एंजाइम होता है, जिसे लाइजोजाइम कहते हैं। यह बैक्टीरिया आदि को मारता है, जिससे आंखों के इन्फेक्शन का खतरा कम होता है।

दर्द आराम होता हैआपने ध्यान दिया होगा कि जब भी आपको चोट लगती है या बहुत दर्द होता है, तो आपको रोना आने लगता है और कई बार तो न चाहते हुए भी आंसू निकलने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि रोने से आपका दर्द कम होता है। आपको बता दें कि आंसुओं में ऑक्सीटॉसिन और एंडोर्फिन होते हैं, जो दर्द कम करने में मदद करते हैं। इसलिए रोने से दर्द आराम होता है।

इमोशनल बैलेंस बनता हैआपने सुना होगा लोगों को कहते हुए कि ये खुशी के आंसु हैं। दरअसल, कई बार आप बहुत खुश या उत्सुक होते हैं, तब भी रोते हैं। ऐसे में रोने से आपके इमोशन्स फिर से संतुलित होते हैं। इसलिए रोने से आपकी भावनाएं संतुलित होती हैं। रोने से आपकी बॉडी काफी स्ट्रॉन्ग इमोशन्स को काबू करने की कोशिश करती है।

मूड अच्छा होता हैरोने से आपका मूड अच्छा होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आंसुओं में नर्व ग्रोथ फैक्टर्स होते हैं, जो नर्व्स को हेल्दी बनाते हैं। इसके अलावा, रोते समय आप सिसकियां भरते हैं, जिससे आपके शरीर का तापमान भी संतुलित होता है और आपको अच्छा महसूस होता है।

## सर्वोदय मंडल ने चुनाव प्रक्रिया पर चिंता जताई

देहरादून। सर्वोदय मण्डल की ओर से मौजूदा चुनाव प्रक्रिया को लेकर बुधवार को देहरादून के मंदाकिनी विहार में बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों की ओर से जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। यही वजह है कि पहले ही दो दौर में कम मतदान हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि मूल मुद्दों से इतर चुनाव पर बहस की वजह से भी मतदान को लेकर लोगों ने उदासीनता दिखाई है। ऐसे में राजनैतिक दलों के नेताओं के भाषण को नियंत्रित किया जाना चाहिए। बैठक में मतदाता सूची की गड़बडियों को दूर करने की भी मांग उठाई गई। बैठक में डॉ. विजय शंकर शुक्ला, डॉ. रश्मि पैन्यूली, यशवीर आर्य, कुसुम रावत, नीरू शर्मा, रामचन्द्र यादव, हरबीर सिंह कुशवाहा, नवीन मित्तल, राजेंद्र गुप्ता, विवेक वर्मा, आलोक शर्मा, जगदीश प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

## रुद्रप्रयाग के डीएम को तत्काल हटाए सरकार : कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस ने रुद्रप्रयाग के डीएम पर केदारनाथ के पंडा पुरोहितों के साथ ही कारोबारियों का उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन -प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने बयान जारी करते हुए कहा कि स्थानीय तीर्थ पुरोहित, कारोबारी लगातार डीएम की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। डीएम किसी से मिलने तक को तैयार नहीं है, इसके बजाय लोगों पर अपने आदेश एक तरफा तरीके से लाद रहे हैं। जिस कारण यात्रा सीजन से पहले केदारघाटी में आक्रोश का माहौल व्याप्त है। जोशी ने कहा कि ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को खुद संज्ञान लेकर तीर्थ पुरोहितों सहित सभी लोगों की शिकायतों को दूर करना चाहिए, साथ ही यात्रा शुरू होने से पहले जिलाधिकारी को बदला जाना चाहिए। जोशी ने स्थानीय तीर्थ पुरोहितों, कारोबारियों की ओर से जारी ज्ञापन सार्वजनिक करते हुए कहा है कि केदारनाथ सहित पूरे यात्रा मार्ग पर किसी भी कार्य के लिए स्थानीय लोगों को विश्वास में लिया जाना जरूरी है।

## पुरानी कारों के विक्रेता से चार कार खरीदकर नहीं किया भुगतान

देहरादून। पुरानी कारों के विक्रेता से चार कार खरीदकर उनका भुगतान नहीं किया गया। हरिद्वार रोड पर काम करने वाले पुरानी कारों के डीलर की तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने बुधवार रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कमल कुमार लुंठी ने बताया कि तौकीर खान निवासी वन विहार कॉलोनी मेहूंवाला की तहरीर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में आरिफ खान निवासी ट्रैक्टर रिपेयरिंग वर्कशॉप हरिद्वार बाईपास रोड, अलीशाम हाल निवासी तेलीवाला डोईवाला, मूल निवासी शेखपुरा कदीम, सहारनपुर, सैय्यद जमालशाह निवासी संस्कृति लोक कॉलोनी ब्राह्मणवाला और मोहम्मद फारूख निवासी भगवानपुर रुडकी को आरोपी बनाया गया है। पीड़ित का आरोप है कि चारों आरोपियों ने उनसे पिछले साल अगस्त से लेकर बीते 14 फरवरी के बीच अलग-अलग तिथियों पर चार कारें 19.35 लाख रुपए में खरीदी। आरोप है कि इसके बाद न तो इन कारों की रकम का भुगतान किया और कारें वापस की।

## दून के मेहूंवाला की बेटियों ने मारा तालीम का मैदान, बोर्ड परीक्षा में बनी टॉपर

देहरादून। शिक्षा से ही समाज बदलेगा। इसका कोई विकल्प नहीं है। जीआईसी मेहूंवाला की छात्राओं ने इसे चरितार्थ किया है। मंगलवार को आए बोर्ड रिजल्ट दसवीं स्कूल में दसवीं और बारहवीं की सभी टॉपर छात्राएं रहीं और वो भी मुस्लिम। अब इनमें से कोई डॉक्टर तो कई इंजीनियर तो कोई आईएएस बनना चाहती हैं। मेहूंवाला व उसके आसपास की करीब 95 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है। ऐसे में वहां स्कूल में पहले विद्यार्थियों की संख्या काफी कम रह थी। क्योंकि मुस्लिम परिवारों में लड़कियों को स्कूल नहीं भेजा जाता था। स्कूल के सहायक अध्यापक व करीब बीस साल से वहां सेवाएं दे रहे सुभाष झिल्डियाल ने बताया कि पहले स्कूल में बच्चों के दाखिलों के लिए काफी प्रयास करने पड़ते थे। लेकिन वे अन्य शिक्षकों के साथ लगातार प्रयास करते रहे।

अब वहां सभी मुस्लिम परिवार जागरुक हो गए हैं, वे अपने बच्चों खासकर लड़कियों को भी स्कूल भेजने लगे हैं। स्कूल में वर्तमान में 705 विद्यार्थी है। जिनमें से करीब साढ़े चार सौ छात्राएं हैं। वो भी ज्यादातर मुस्लिम परिवारों की हैं। मंगलवार को जो रिजल्ट निकले हैं उनमें से दसवीं और बारहवीं के टॉप टेन में जो भी विद्यार्थी रहे उनमें सभी छात्राएं हैं और मुस्लिम हैं। ऐसे में ये काफी बड़े बदलाव का संकेत है। वहीं प्रिंसिपल बलबीर पंवार ने बताया कि लगातार स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव सहित तमाम अभियान चलाए ज रहे हैं। ताकि समाज के ज्यादा से ज्यादा बच्चे अच्छी शिक्षा पा सकें। उन्होंने सभी टापर्स को बधाई भी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### मदरसा छात्रों को उपलब्ध कराई शिक्षण सामग्री

देहरादून। आजाद कॉलोनी स्थित मदरसा दार ए अरकम में बुधवार को छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई। शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक एवं संस्था द्वारा अन्य सामग्री दी गई। इस दौरान प्रबंधक मास्टर अब्दुल सत्तार, सचिव हाफिज मोहम्मद शाहनजर, सचिव जमीयत उलमा ए हिंद मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, मुफ्ती अयाज, मौलाना रागिब, मौलाना मेहताब, मौलाना अब्दुल वाजिद, कारी महबूब, मरग़ूब, कारी मोहम्मद आरिफ, कारी साहवेज कारी फरहान, कारी मोहम्मद इरफान आदि मौजूद रहे।

### नोडल अफसर की नियुक्ति की जाए

देहरादून। भाजपा नेता रवींद्र जुगरान ने बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को ज्ञापन देकर नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 से लाभान्वितों होने वालों के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग की। जुगरान ने कहा कि उत्तराखंड में निवास करने वाले लोगों को नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत भारत की नागरिकता लेने में अनेक प्रकार की समस्या आ रही हैं, इसलिए ऐसे नागरिकों की समस्याओं का समाधान कराने एवं उन्हें उचित मार्गदर्शन देने के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए, जिससे नागरिकता लेने में उनको किसी भी तरह की असुविधा न हो। कहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने भारत की नागरिकता लेने के लिए आवेदन किया है, लेकिन तकनीकी खामियों के चलते आवेदन लंबित है। मुख्य सचिव रतूड़ी सचिव गृह को एक नोडल अफसर नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं।


### निकाय चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी: कलेर

देहरादून। आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में प्रस्तावित निकाय चुनावों में जोर- शोर से भाग लेगी। आप प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने बुधवार को देहरादून में आयोजित संकल्प सभा में कहा कि पार्टी जल्द बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करेगी। वार्ड नंबर 35 श्रीदेव सुमन नगर में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कलेर ने कहा कि जैसे - जैसे लोकसभा चुनाव बीत रहा है, भाजपा को अपनी हार का अहसास होने लगा है। इस कारण भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के बजाय ध्यान भटकाने के लिए भावुक मुद्दे उछालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से दस साल के कार्यकाल का हिसाब पूछ रही है। इस कारण भाजपा की करारी हार तय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जल्द ही पार्टी संगठन को विस्तार दिया जाएगा। साथ ही पार्टी आने वाले निकाय चुनावों में मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करेगी, उन्होंने कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव तैयारी में जुटने को कहा। सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल नाथ, के साथ ही कासिम, डॉ शोएब अंसारी, फुरकान प्रधान, अमीर हसन, हारून मौजूद रहे।

# हरिद्वार : पत्नी को हरिद्वार लाया पति गंगा में दिया धक्का, दहेज न मिलने से नाराज था

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 02 मई : हरकी पैड़ी पर पत्नी को धोखे से गंगा में धक्का देकर हत्या करने के मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश आरोपी पति अनिरुद्ध भट्ट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। धर्मनगरी हरिद्वार से एक ऐसा मामला सामने आया है जहाँ पर पति अपनी पत्नी को साजिश के तहत घुमाने लाया और नदी में धक्का देकर उसकी जान ले ली, दहेज को लेकर आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।





जोगराज सिंह चौहान निवासी पीलीभीत ने 12 मई 2016 को कोतवाली हरिद्वार में तहरीर देकर बताया था कि 2012 में पीलीभीत निवासी प्रदीप शर्मा ने धोखाधड़ी से बहला फुसलाकर उनकी बेटी एशप्रीत कौर से प्रेम विवाह कर लिया था। कुछ समय बाद उनकी बेटी को उसका पति और अन्य ससुराल वाले दहेज़ के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। आरोपी पर मुकदमा चलने के बाद भविष्य में ऐसा न करने की शर्त पर वह समझौता करके एशप्रीत कौर को लेकर हरिद्वार चला गया था। तब से हरिद्वार के नई बस्ती खड़खड़ी में किराए पर रहने लगे। 11 मई 2016 को प्रदीप शर्मा ने अपनी सास को मनजीत कौर को फोन करके 15 लाख रुपए की मांग की और कहा अगर नहीं दिया तो उनकी बेटी को जान से मार देने की धमकी दी।

घटना की रात आरोपी प्रदीप शर्मा अपनी पत्नी एशप्रीत कौर व बच्चे प्रभु को गंगा घाट पर घुमाने के बहाने हरकी पैड़ी ले गया। यहां पर पत्नी एशप्रीत कौर को फोटो खींचने की बात कहकर धनुष पुल में धोखे से गंगा में धक्का दे दिया था। जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई और काफी खोजबीन के बाद भी शव को बरामद नहीं किया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रदीप शर्मा और उसके भाई रोहित शर्मा के खिलाफ दहेज के लिए हत्या करने के सम्बन्ध में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। जिसके बाद न्यायालय में प्रदीप शर्मा को दोषी पाया है। जबकि प्रदीप के भाई रोहित शर्मा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

## संपादकीय

# ‘नई सांस’ था कोरोना टीका

कोरोना वैश्विक महामारी से जुड़ी एक खबर हम सभी को चिंतित, व्यथित कर सकती है, लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में ‘कोविशील्ड’ के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे ‘दुर्लभ प्रभाव’ भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही ‘साइड इफेक्ट’ का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें ‘कोविशील्ड’ टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें ‘कोवैक्सीन’ टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को ‘नई सांस’ दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में ‘टीटीएस सिंड्रोम’ कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडऩा, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी ‘अद्र्धसत्य’ ही थे।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## नागणी में खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शुरू किया

नई टिहरी। हितायु लोक कल्याण समिति नागणी की ओर से नागणी कस्बे में बुधवार से खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। क्षेत्र की 20 महिलाओं को विभिन्न उत्पाद बनाने का तकनीकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बुधवार को चंबा ब्लॉक के नागणी में 15 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण कार्यक्रम का हितायु लोक कल्याण समिति के सचिव दिवाकर पैन्यूली और मुख्य प्रशिक्षक अखिलेश बडोनी ने शुभारंभ किया। पैन्यूली ने कहा कि ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। ऐसे में उनको तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जाना जरूरी है। बताया कि यह प्रशिक्षण 15 मई तक संचालित होगा। इस दौरान प्रतिभागियों को स्थानीय उत्पादों जूस, जैम, जैली, अचार, शरबत आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि यहां पर एक सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना भी की गई है। जिसमें इस तरह के प्रशिक्षण नियमित रूप से कराए जाते रहेंगे। इस मौके पर नरेश बहुगुणा, बीना देवी, प्रगति सकलानी, सुषमा, सीमा मैठाणी, बबली, सुनीता, उषा देवी, कविता, सीमा सकलानी, प्रियंका नौटियाल, सुनैना सेमवाल, निर्मला नेगी, बबीता, सविता देवी, रीना नेगी मौजूद थे।

## प्रवेश महोत्सव में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

नई टिहरी। राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवप्रयाग में बुधवार को प्रवेश महोत्सव में बच्चों के प्रवेश को लेकर अभिभावकों की भारी भीड़ दिखी। प्राथमिक विद्यालय सभी सरकारी स्कूलों के लिए आज नई मिसाल बना है। बुधवार को आयोजित प्रवेश महोत्सव में बीईओ डॉ. भास्कर बैबनी और माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशक सीपी रतूड़ी ने अभिवावकों को आभार जताया। कहा कि, बदलते परिवेश में बच्चों को क्या पढ़ाया जाय व क्या समझ पाए, इसके लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। देवप्रयाग तहसील प्राथमिक विद्यालय ऐसे विद्यालय में हैं, जिसमे छात्र-छात्राओं के लिये हर प्रकार की सुविधाएं हैं। यहां के प्रधानाचार्य विजय सिंह और उनके सह अध्यापकों ने अपनी मेहनत से आगे बढ़ाया है। अब इस विद्यालय को पीएम श्री विद्यालय से जोड़ा जा चुका है। वर्ष 2014 में इस प्राथमिक विद्यालय में मात्र 6 बच्चे थे, जो आज बढक़र 100 हो चुके हैं। इन पांच वर्षों में इस प्राथमिक विद्यालय से चार बच्चे हिम ज्योति विद्यालय, जवाहर नवोदय और राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के लिए भी चुने गये हैं। वहीं अभिभावकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय को जूनियर हाईस्कूल बनाने को लेकर भी मांग भी की गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिरुचि कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम आए सामने

चमोली। चमोली जिले के विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 से अभिरुचि ( एप्टीट्यूड बिल्डिंग एंड हाईयर आर्डर थिंकिंग स्किल्स रिइन्फोर्समेंट प्रोग्राम ) संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छात्र छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ छात्र-छात्राओं में मौजूद मौलिक अभिरुचि को भी आगे बढ़ा कर कौशलता और कलेवर को प्रेरित और स्थान दिया जा रहा है। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला नेदावा किया कि नये शिक्षण सत्र में विद्यालयों में संचालित अभिरुचि कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। जिले के सभी विद्यालयों से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से इस कार्यक्रम पर रचनात्मक फीड बैक मिलने लगे हैं। कार्यक्रम के तहत प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं और करियर के प्रति जागरूकता भी छात्र-छात्राओं में तेजी से बढ़ी है। नगरों के साथ-साथ गांवों के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में अंग्रेजी लेखन और आत्म विश्वास से अपनी बात रखने की कला अभिरुचि कार्यक्रम के जरिये सिखायी जा रही है।

### उपजिलाधिकारी ने किया रबी की फसल गेहूं पर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण

चमोली। उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने बुधवार को राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र चमोली के अन्तर्गत हरमनी गांव में रबी की फसल गेहूं पर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग ने काश्तकार सिद्धि देवी के गेहूं के खेत में नियमानुसार 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर क्रॉप कटिंग की। निर्धारित आकार के प्लाट में गेहूं की 5.55 किलोग्राम बालियों का उत्पादन प्राप्त हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा, खसरा रजिस्टर आदि भू-अभिलेखों की जॉच भी की। क्रॉप कटिंग के दौरान राजस्व उप निरीक्षक नीरज स्वरूप,, काश्तकार सिद्धि देवी, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे। क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार कर उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जा रही है। प्रत्येक राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र में क्राप कटिंग प्रयोग खेत में 30 वर्गमीटर प्लाट बनाकर उसमें उत्पादित फसल के बीज को लिया जाता है, जिसे 15 दिनों तक सूखाने के लिए रखा जाता है। इसके पश्चात दानों की तौल लेकर उत्पादन की गणना की जाती है। क्रॉप कटिंग प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति एवं फसल बीमा की राशि की गणना तथा विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना की जाती है।

### रैंस में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीण मुखर

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के ग्राम सभा रैंस में ग्रामीणों ने बुधवार को शराब बंद करने की मांग को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव में शराब बंद करने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी थराली को ज्ञापन प्रेषित किया है।ग्राम सभा रैंस में शराब के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ ग्रामीण मुखर हो गए हैं। बुधवार को गांव में शराब बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीणों, महिला मंगल दल और युवक मंगल दल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे शराब के प्रचलन से युवा पीढ़ी को भारी नुकसान हो रहा है। गांव का नाम भी खराब हो रहा है।

### हनुमानचट्टी में मंदिर के आसपास अतिक्रमण से मंदिर की सुंदरता हो रही समाप्त

चमोली। हनुमानचट्टी में स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी संदीप भट्ट ने बुधवार को एसडीएम जोशीमठ से मुलाकात की। पुजारी ने एसडीएम को बताया कि मंदिर के आसपास लगातार हो रहे अतिक्रमण से मंदिर की सुंदरता एवं भव्यता को नुकसान पहुंच रहा है। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हनुमानचट्टी मंदिर के पुजारी संदीप भट्ट ने कहा कि शास्त्रानुसार बदरीनाथ दर्शन को जाने वाला हर श्रद्धालू यहां पर रूक कर आवश्यक रूप से हनुमान की पूजा अर्चना करके ही आगे बढ़ता है। लेकिन पिछले कुछ समय से मंदिर के आसपास सडक़ के किनारे खाली पड़ी भूमि में लगातार बन रही टिन की दुकानों और ढाबों के कारण मंदिर इनके बीच में छिपता जा रहा है।

### कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मना मजदूर दिवस

श्रीनगर गढ़वाल। सेंट थेरेसास कान्वेंट स्कूल श्रीनगर में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक जोश वर्गीश ने विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को उपहार प्रदान कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक जोश वर्गीश ने कहा कि मजदूर समाज में सम्मान के पात्र है। कहा कि उनके बिना हमारा समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। हम सभी को हमेशा इनका सम्मान करना चाहिए। विद्यालय की सहायक कर्मचारी संतोषी ने विद्यालय प्रशासन के ओर से आयोजित किये गये समारोह के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शोभिता, रोजबिन, एगनेट, नरेंद्र, प्रकाश, पास्कल, प्रेम, विक्रम, अनु इंदु, बिरसी, पूनम, अनीमा, कीर्ति, संतोषी सहित खदि मौजूद थे।

### राइका कीर्तिनगर में धूम धाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिनगर में बुधवार को नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.यशवंत सिंह नेगी ने 40 छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्यपुस्तक के साथ कॉपी और पेन दी। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे अपर निदेशक ललित मोहन चमोला ने विद्यालय प्रधानाचार्य के प्रयास की सराहना की। उन्होंने प्रवेश उत्सव की मूल भावना से लोगों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाएं। मौके पर पीटीए अध्यक्ष शिव सिंह भंडारी, एसएमसी अध्यक्ष बृजमोहन गुसाईं, एंजेल हेवन खंदुखाल की प्रधानाचार्य प्रतिभा भट्ट, कमलेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### नई कार्यकारिणी गठित की

नई टिहरी। राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक और राजस्व सेवक संघ देवप्रयाग की बुधवार को नई कार्यकारिणी गठित की गयी। जिसमें मनोज बागड़ी अध्यक्ष और प्रमोद चौहान सचिव चुने। तहसील मुख्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए। संघ के संरक्षक कानूनगो मदनलाल चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष दिनेश बिजल्वाण, कोषाध्यक्ष गिरीश डोभाल, सह सचिव रवि शंकर, मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट तथा संदीप शाह, तोता सिंह, सतीश डोभाल, भंवरदास, हीरा सिंह, दिनेश रावत, उत्तम सिंह, प्रताप पंवार को सदस्य चुना गया।

**सदस्यता अभियान चलाया :** घनसाली। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने नगर निकाय चुनावों के लिए घनसाली-चमियाला क्षेत्र में प्रभारी योगी अनंत जितेंद्र थपलियाल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष विशन कण्डारी ने बताया कि, घनसाली बाजार में लगभग 25 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी ने सभी वार्डों के लिए प्रत्याशी घोषित किए।

# देहरादून में पकड़े गए कोबरा गैंग के 3 नशा तस्कर, करोड़ों की ड्रग्स बरामद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







देहरादून 02 मई : आरोपियों के पास बरामद ड्रग्स की कीमत 2 करोड़ से अधिक आंकी जा रही है, ये लोग एलएसडी कॉलेज स्टूडेंट और पार्टियों में सप्लाई होनी थी। थाना प्रेमनगर पुलिस ने कोबरा गैंग के 3 नशे के तस्करों को नंदा की चौकी बिधोली रोड से गिरफ्तार किया है, जिनके पास करोड़ों रुपए की हाईप्रोफाइल ड्रग्स थीं। आरोपियों के पास 2058 ब्लॉट्स और 6 ग्राम हेरोइन का बरामद की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रग्स की कीमत 2 करोड़ 5 लाख रुपए बताई जा रही है, जबकि भारतीय बाजार में कीमत 63 लाख रुपए है। आरोपी डार्क वेब का इस्तेमाल करके एलएसडी ड्रग्स मंगवाते थे जिन्हें कॉलेज स्टूडेंट्स और पार्टियों में सप्लाई करना था।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि प्रेमनगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक यहां पर एलएसडी की सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने नंदा की चौकी पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। तभी नंदा की चौकी बिधोली रोड से 3 आरोपी रजत भाटिया, शिवम अरोड़ा निवासी सहारनपुर और कृष गिरोटी निवासी देहरादून को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया, आरोपियों के दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी एक दूसरे से एक पार्टी में मिले थे, जिससे उनकी अच्छी दोस्ती हो गई थी। इसके बाद तीनों कोबरा गैंग के संपर्क में आए और देहरादून में अलग-अलग शिक्षण संस्थानों के छात्रों और पार्टियों में एलएसडी ड्रग्स व हेरोइन की सप्लाई करने लगे। उन्होंने बताया कि आरोपी रजत भाटिया बंगलौर स्थित डीलर से डार्क वेब पर हाईप्रोफाइल ड्रग्स को ऑर्डर करके कोरियर के माध्यम से ड्रग्स मंगवाता है। कृष गिरोटी और शिवम अरोड़ा एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के छात्र हैं। इस प्रकार ये दोनों अलग-अलग शिक्षण संस्थानों के छात्रों से संपर्क कर उन्हें एलएसडी ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थ महंगे दामों में उपलब्ध कराते थे।

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की गई है और उन्होंने एक बड़े एलएसडी डीलर का नाम बताया है, जिसकी तस्दीक की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। उत्तराखंड में पकड़ी गई एलएसडी की यह अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। कोबरा गैंग पर पुलिस का नियंत्रण बनाए रखा जा रहा है। इस गैंग के अधिकतर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और राजपुर पुलिस ने भी कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## समय से कूड़ा न उठाने पर कंपनी का दस हजार का चालान

हरिद्वार। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तरुण मिश्रा ने बुधवार को समय पर कूड़ा नहीं कूड़ा उठाने पर कंपनी पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कंपनी को पत्र जारी किया है। नगर निगम को समय-समय पर नगर निगम क्षेत्र से कूड़ा नहीं उठाए जाने की शिकायत मिलती रहती है। बुधवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कनखल क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि क्षेत्र में साढ़े ग्यारह बजे तक भी कूड़ा नहीं उठाया गया है। इससे नाराज होकर उन्होंने कूड़ा उठाने वाली कंपनी पर दस हजार का जुर्माना लगाया। कुछ दिन पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने भी साफ-सफाई को लेकर क्षेत्र का निरीक्षण किया था। उस दौरान भी उन्होंने कंपनी का चालान किया था। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर भविष्य में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## यूकेडी नेता की कार पर युवक ने लगाई आग

हरिद्वार। यूकेडी और व्यापारी नेता की कार पर बुधवार मंगलवार रात एक युवक ने आग लगा दी। आग लगने से कार पूरी तरह से जल गई। नेता ने शहर कोतवाली में खडख़ड़ी निवासी युवक के खिलाफ नामजद शिकायत की है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि कार में रंजिश के चलते आग लगाई गई। उत्तराखंड क्रांति दल के व्यापार प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष सुमित अरोड़ा ने शिकायत कर बताया कि वह अपने घर के बाहर अपनी कार खड़ी करते हैं। मंगलवार सुबह करीब ढाई बजे उनकी कार पर एक युवक ने आग लगा दी। आरोप है कि कार पर आग खडख़ड़ी निवासी युवक ने लगाई दी। घटना का पता सुबह चला। सीसीटीवी में देखने के बाद मालूम हुआ कि खडख़ड़ी निवासी युवक ने पेट्रोल छिडक़कर कार पर आग लगाई थी। बताया जा रहा है कि युवक पिछले कुछ दिनों से सुमित से रंजिश रखे हुए था। इधर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## वायुसेना भर्ती को लेकर युवाओं को दी जानकारी

पौड़ी। वायुसेना चयन केंद्र रेसकोर्स दिल्ली और एयरफोर्स चंडीगढ़ ने बुधवार को छात्रों को मेडिकल असिस्टेंट कैडर भर्ती की जानकारी दी। बताया कि 3 से 12 जुलाई तक एयरफोर्स स्टेशन चंडीगढ़ में होने वाली मेडिकल असिस्टेंट कैडर की भर्ती को लेकर विभिन्न स्कूलों में जानकारी दी गई। सार्जेंट दीपक केशरी के नेतृत्व में बुधवार को पौड़ी जिले के राजकीय इंटर कालेज कंडारा, राजकीय इंटर कालेज पौड़ी और राजकीय बालिका इंटर कालेज पौड़ी में छात्र-छात्राओं को वायु सेना भर्ती को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान अग्निवीर कैडर भर्ती, ऑफिसर कैडर भर्ती की आवश्यक प्रक्रियाओं जिसमें शैक्षिक योग्याताएं, शारीरिक नापतोल , मेडिकल और परीक्षाओं के चरणों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। सार्जेंट दीपक केशरी ने बताया कि परमानेंट कैडर की इस भर्ती में मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के साथ अंग्रेजी और बीएससी फार्मेसी वाले अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। बताया कि इस भर्ती में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही हिस्सा ले सकेंगे। इस मौके पर संजय कुंडु, दुष्यंत आदि कार्मिक मौजूद रहे।

## पौड़ी परिसर के छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली

पौड़ी। गढ़वाल विवि के पौड़ी परिसर में बुधवार को सेल्फ एंड सोशल डेवलपमेंट कोर्स क्रेडिट के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जन जागरूकता रैली और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। बुधवार को परिसर निदेशक प्रो. पीपी बडोनी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। परिसर निदेशक ने छात्रों को उत्साह-वर्धन करते हुए कहा कि सेल्फ एंड सोशल डेवलपमेंट कोर्स व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कहा कि यह पहला केंद्रीय विश्वविद्यालय है जो इस कोर्स का संचालन कर रहा है। इस कोर्स में छात्र-छात्राओं की 5 टीमें नीलकंठ ग्रुप, त्रिशुल ग्रुप, नंदा ग्रुप, चौखंबा ग्रुप और गंगोत्री ग्रुप गठित की गई। हर टीम का नेतृत्व ग्रुप लीडर्स ने किया। पांचो टीमों ने अलग- अलग क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम शुक्रवार तक चलाया जाएगा जिसमें हर छात्र को 30 घंटे काम होगा। दूसरे सत्र में प्रो. रेखा नैथानी ने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी। इस मौके पर समन्वयक डॉ. किरन बाला, डॉ. ल्हामू डूकपा, डॉ मनोज कुमार, डॉ. विपुल, डॉ नवीन , डॉ अनिल देवदत्त, डॉ गौतम , डॉ अमन आदि भी मौजूद रहे।

## पौड़ी के स्कूलों में 8 हजार से अधिक दाखिलें

पौड़ी। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को जिले की स्कूलों में प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान शिक्षा विभाग के अफसरों ने स्कूलों में नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें पठन-पाठन सामग्री दी। पौड़ी जिले में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक कुल 8 हजार 308 नए प्रवेश हुए है। पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने कल्जीखाल ब्लाक के उप्रावि. में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजय पंवार, शिक्षक जयदीप रावत सहित पीटीए अध्यक्ष भरत सिंह रावत आदि भी मौजूद रहे।

## बदरीनाथ में नए आस्था पथ बनने से श्रद्धालुओं को मिलेगी सहूलियत

चमोली। बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगें। जिला प्रशासन यात्रा से जुड़े विभागों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा है। यात्रा मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सडक़ मार्ग का सुधारीकरण और हाईवे से मलवा निस्तारण का काम जारी है। बदरीशपुरी में श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पानी, रात्रि विश्राम सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही है। बदरीनाथ धाम में नारायण के दर्शन को और सुगम बनाने के लिए नया आस्था पथ बनकर तैयार हो गया है। यहां साकेत तिराहा से नया आस्था पथ बनाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी। श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में संबंधित विभाग अपनी अपनी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में जुटे है। नगर पंचायत द्वारा धाम में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था भी प्रारंभ कर दी है।

## कार्यशाला राआइंका आदिबदरी में संपन्न

चमोली। आदिबदरी और देवलकोट के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की बुधवार को एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला अजीम प्रेम जी फाउडेशन के सौजन्य से राआइंका आदिबदरी में संपन्न हो गई। मिशन कोशिश के एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में बच्चों की पिछली दक्षता पूर्ण करने के लिए विभाग एवं संस्था द्वारा मॉडूयूल माह मई के लिए तैयार किया गया। जिसमें बच्चों की पिछली कक्षाओं की दक्षता प्राप्त हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने जेठ पर लगाया हत्या की धमकी देने का आरोप

हरिद्वार। ज्वालापुर की महिला ने अपने जेठ पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवारी के मुताबिक जानकीपुरम सीतापुर ज्वालापुर निवासी नीलम भारद्वाज ने शिकायत कर आरोप लगाया कि उसके पति उत्कर्ष भारद्वाज बाहर नौकरी करते हैं, इसलिए जेठ उदित भारद्वाज रोजाना उनसे गाली-गलौज करते रहते हैं। आरोप लगाया कि 28 अप्रैल की सुबह उसके जेठ ने गाली-गलौज की। अब उन्होंने हत्या कर देने की धमकी दी है। कोतवाल रमेश तनवार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### विधवा महिला से बेटी और दामाद ने की धोखाधड़ी

हरिद्वार। कनखल में एक महिला का मकान उसकी बेटी और दामाद ने धोखाधड़ी से अपने नाम दान करा लिया। इसका विरोध करने पर दंपति ने महिला के साथ मारपीट की। पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर भावना कैंथोला ने बताया कि गली नंबर तीन न्यू विष्णु गार्डन कनखल निवासी बुजुर्ग महिला लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. शोभाराम यादव ने तहरीर देकर बताया कि वह बीमारी से ग्रसित हैं। आरोप लगाया कि दो जून 2023 को जगजीतपुर के डिवाइन लाइट स्कूल के पास रह रही बड़ी बेटी रजनी यादव उसके पास आई और तहसील में आयुष्मान कार्ड बनवाने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गई।

### महिला अधिवक्ता को भेजे अश्लील मैसेज

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला अधिवक्ता को युवक ने फेसबुक पर अश्लील मैसेज भेजते हुए धमकी दी। आरोपी ने 26 अप्रैल को अधिवक्ता को मैसेज भेज गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। पुलिस ने आईटी ऐक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर विजय सिंह के मुताबिक शिवालिक नगर निवासी एक महिला अधिवक्ता ने शिकायत कर बताया कि 26 अप्रैल की देर रात उसकी फेसबुक पर प्रशांत कुमार राजपूत नाम के एक युवक ने उसे मैसेंजर पर एक मैसेज भेजा। मैसेज देखा तो उसमें अश्लील बातें लिखी हुई थी। साथ ही उसने अंजाम भुगतने की भी धमकी दी। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अधिवक्ता ने पुलिस को आरोपी का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया है।

### सूखी नदी में कचरा डालने पर होगा चालान

हरिद्वार। सूखी नदी में कचरा डालने और घरों के गंदे पानी की निकासी करने पर नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने बुधवार को बताया कि जो भी नदी में कचरा और गंदे पानी की निकासी करते पकड़ा गया तो उसका चालान किया जाएगा। नगर निगम की टीमों ने भी नदी में पड़े ठोस अपशिष्ट के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। याद रहे कि कुछ दिन पूर्व डीएम धीराज सिंह गब्र्याल ने जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में खडख़ड़ी की सूख नदी में डाले गए ठोस अपशिष्ट का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। इस पर निगम ने अमल करना शुरू कर दिया है।

### सिडकुल कर्मचारी के साथ हुए हादसे के 13 दिन बाद केस दर्ज

हरिद्वार। बिजनौर निवासी सिडकुल कर्मचारी को श्यामपुर थाना क्षेत्र में टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ 13 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। एसओ नितेश शर्मा के मुताबिक शाहअलीपुर कोटरा, नगीना निवासी सुरेश ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र पीतांबर 17 अप्रैल को बाइक से घर से सिडकुल की कंपनी में ड्यूटी पर जा रहा था। पीली नदी श्यामपुर के पास तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा से आकर बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल से उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। वहीं उसका उपचार चल रहा है। एसओ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस विशेष ट्रेन आज चलेगी

हरिद्वार। यात्रियों की सुविधा के लिए मुरादाबाद मंडल रेल प्रशासन आज हरिद्वार रेलवे स्टेशन से ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का संचालन करेगा। गुरुवार को ट्रेन हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार का संचालन एक फेरे के लिए होगा। यह जानकारी रेलवे के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने दी है।